कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी बिजनौर।

पत्रांक–मु0चि0अ0/एन0एच0एम0/वाक–इन–इन्टरव्यू/2026–27 दिनांक–02.07.2026

विज्ञप्ति

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या–179/एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/डिस्ट्रिक्ट वॉक–इन–इन्टरव्यू/2024–25/2728 दिनांक–09.08.2024 के क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जनपद/ब्लाक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों में चिकित्साधिकारी (संविदा) के रिक्त पदों पर्र वाक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से भर्ती किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है। रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है–

क्र0सं0	कार्यक्रम का नाम	पदनाम	फैसिलिटी का नाम	अर्ह शैक्षिक योग्यता	वांछित अनुभव (यदि आवश्यक हों)	रिक्त पदों की संख्या	रिक्त पदों के सापेक्ष अनुमोदित मानदेय (रू0 प्रतिमाह)
1	टेलीमेडिसिन (सी0पी0)	चिकित्साधिकारी	जिला संयुक्त चिकित्सालय बिजनौर	MBBS+UP MEDICAL Council Registration	—	कुल–1 पद (एस0सी0–1)	रू0 1,00,000/– प्रतिमाह
2	सी0एच0सी0, एन0सी0डी0 क्लीनिक	जनरल फिजिशियन	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–स्योहारा एंव नगीना बिजनौर	MBBS+UP MEDICAL Council Registration	—	कुल–2 पद (सामान्य–1, एस0सी0–01)	रू0 1,00,000/– प्रतिमाह
3	ट्रामा सेन्टर (डी0एच0एस0)	चिकित्साधिकारी	ट्रामा सेन्टर, धामपुर बिजनौर	MBBS+UP MEDICAL Council Registration	—	कुल–1 पद (एस0सी0–1)	रू0 1,00,000/– प्रतिमाह
4	बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (एस0एन0सी0यू0)	चिकित्साधिकारी	जिला महिला चिकित्सालय, बिजनौर	MBBS+UP MEDICAL Council Registration	—	कुल–1 पद (सामान्य–1)	रू0 1,00,000/– प्रतिमाह
5	एन0आर0सी0 (सी0एच0)	चिकित्साधिकारी	जिला संयुक्त चिकित्सालय बिजनौर	MBBS+UP MEDICAL Council Registration	—	कुल–1 पद (ओ0बी0सी0–01)	रू0 1,00,000/– प्रतिमाह
6	राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन	चिकित्साधिकारी	यू0पी0एच0सी0 नगीना, मौहल्ला–लालसराय, नगीना, एंव यू0पी0एच0सी0 किरतपुर बिजनौर	MBBS+UP MEDICAL Council Registration	—	कुल–3 पद (सामान्य–1, ओ0बी0सी0–01, एस0सी0–01)	रू0 80,000/–प्रतिमाह व रू0 20,000/–कार्य आधारित प्रोत्साहन (पी0बी0आई0) धनराशि

आवेदन हेतु निर्देश–

- उपरोक्त समस्त पदों पर **वाक–इन–इन्टरव्यू दिनांक–17.07.2026 को प्रातः 10.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी बिजनौर** में सम्पन्न कराया जायेगा।
- इच्छुक अभ्यर्थी वाक–इन–इन्टरव्यू के समय नवीनतम बायोडाटा समस्त वांछित मूल अभिलेख, रजिस्ट्रेशन, दो नवीनतम कलर फोटोग्राफ तथा वांछित प्रमाण पत्रों की स्वंय प्रमाणित प्रतियों के एक सेट के साथ साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते है।
- यह पद पूर्णतयाः नियत मानदेय पर संविदा शर्तो के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण का कोई दावा स्वीकार नही होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
- उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिए मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोउपरान्त आगे बढाया जा सकता है।
- साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा–भत्ता देय नही होगा।
- इच्छुक अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर **65 वर्ष** से अधिक न हो।
- चयन प्रक्रिया में उ0प्र0 शासन द्वारा लागू आरक्षण निति का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया की जायेगी।
- कोई प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर जिला स्वास्थ्य समिति/राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 द्वारा एक महीने का नोटिस या नोटिस के बदले एक महीने के मानदेय के बराबर राशि देकर चयनित अभ्यार्थी की संविदा/सेवा समाप्त करने का अधिकार होगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी
बिजनौर।

पत्रांक–मु0चि0अ0/एन0एच0एम0/वाक–इन–इन्टरव्यू/2026–27/1802 (02) तद्दिनांक

प्रतिलिपि–जिला सूचना एंव विज्ञान अधिकारी एन0आई0सी0, बिजनौर को इस आशय से प्रेषित कि आप उपरोक्त विज्ञप्ति को एन0आई0सी0 की वेबसाईट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

प्रतिलिपि–संवाददाता/सम्पादक को इस आशय से प्रेषित कि आप उक्त विज्ञापन 12x16 Cm के साईज में अपने समाचार पत्र में प्रकाशित कर जिला सूचना अधिकारी बिजनौर से बिल सत्यापित कराकर भुगतान हेतु दो प्रतियों में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

1– राष्ट्रीय समाचार पत्र दैनिक जागरण, बिजनौर।

2– राष्ट्रीय समाचार पत्र दैनिक हिन्दुस्तान बिजनौर।

मुख्य चिकित्साधिकारी
बिजनौर।